गौरा मेहंदी लगाओ भजन लिरिक्स

मेरी भोले से हो गई बात,
लेके आयेंगे वो बारात,
गौरा मेहंदी लगाओ,
ओ गौरा मेंहदी लगाओ।bd।

गरुड़ सवारी विष्णु चले है,
विष्णु चले संग ब्रह्मा चले है,
और नारद भी आयेंगे साथ,
गौरा मेंहदी लगाओ,
ओ गौरा मेंहदी लगाओ।bd।

हाथी न घोड़े न होगी सवारी,
भूतों प्रेतों की पलटन है सारी,
होगी नंदी गणों की बारात,
गौरा मेंहदी लगाओ,
ओ गौरा मेंहदी लगाओ।bd।

भोले की जटा में रहती है गंगा,
हाथों में डमरू मस्तक पे चंदा,
वो तो नंदी पे होंगे सवार,
गौरा मेंहदी लगाओ,
ओ गौरा मेंहदी लगाओ।bd।

देखो बाराती कैसे निराले,
पीते है भर भर भांगिया के प्याले,
वो तो घोटा लगाएं दिन रात,
गौरा मेंहदी लगाओ,
ओ गौरा मेंहदी लगाओ।bd।

भोले की आ गई देखो सवारी,
पिया मिलन की आ गई बारी,
अब तो फेरे भी होंगे सात,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गौरा मेंहदी लगाओ,
ओ गौरा मेंहदी लगाओ।bd।

मेरी भोले से हो गई बात,
लेके आयेंगे वो बारात,
गौरा मेहंदी लगाओ,
ओ गौरा मेंहदी लगाओ।bd।

Singer / Upload – Priya Sajan
8168935277

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com